# गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम: आवश्यकता और आलोचना

## प्रलिम्स के लिये

गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967, भीमा कोरेगाँव युद्ध

## मेन्स के लिये

UAPA की आवश्यकता, इसकी प्रासंगिकता और आलोचना

## चर्चा में क्यों?

देश भर के प्रमुख विपक्षी दलों ने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने के लिये गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA) को निरस्त करने का आह्वान किया है।

## प्रमुख बिंदु

- आदिवासी लोगों के अधिकारों के लिये कार्य करने वाले 83 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्त्ता स्टेन स्वामी की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं ने गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA) जैसे कठोर कानून के व्यापक दुरुपयोग के खिलाफ एक मज़बूत आंदोलन करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।
- ध्यातव्य है कि सामाजिक कार्यकर्त्ता स्टेन स्वामी को भीमा कोरेगाँव मामले में गिरफ्तार किया गया है और उन पर भीमा कोरेगाँव की हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। स्टेन स्वामी के अलावा इस मामले में 15 अन्य सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

## क्या है गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम?

- गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम को किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि को रोकने और आतंकवाद से निपटने के लिये वर्ष 1967 में शुरू किया गया था।
  - गैर-कानूनी गतिविधियों से तात्पर्य उन कार्यवाहियों से है जो किसी व्यक्ति/संगठन द्वारा देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को भंग करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं।
- संसद द्वारा अधिरोपित यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद-19 द्वारा प्रदत्त वाक् व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, हथियारों के बिना एकत्र होने और संघ बनाने के अधिकार पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाता है।
  - इन प्रतिबंधों का उद्देश्य भारत की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करना है।
- बीते कुछ वर्षों में इस अधिनियम में कई बार संशोधन किये गए हैं तथा इसे और अधिक कठोर बनाया गया है, इसलिये वर्तमान में यह भारत में एक प्रमुख आतंकवाद-रोधी अधिनियम के तौर पर कार्य कर रहा है।

## अधिनियम की आवश्यकता

- वर्ष 1947 में भारत के आज़ाद होने के बाद से ही देश में ऐसे कई संगठन, धार्मिक समूह और आतंकवादी समूह रहे हैं जो भारत की एकता एवं अखंडता को प्रभावित करने के साथ-साथ भारत में गैर-कानूनी गतिविधियों के माध्यम से अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।
- भारत की आज़ादी के साथ ही भारत के नागरिकों को भारतीय संविधान के तहत व्यापक अधिकार प्रदान किये गए, किंतु जल्द ही सरकार को महसूस होने लगा कि इन अधिकारों पर प्रतिबंध लगाना अति आवश्यक है।
  - उदाहरण के लिये जब वर्ष 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध हुआ तो कुछ भारतीय राजनीतिक दल ऐसे भी थे जो चीन का समर्थन कर रहे थे।
- ऐसे में इन आतंकवादी समूहों और संगठनों को भारत की एकता एवं अखंडता को प्रभावित करने से रोकने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुछ हद तक प्रतिबंध अधिरोपित करने के लिये एक मज़बूत कानून बनाना काफी महत्त्वपूर्ण हो गया था।

## कठोरतम कानूनों में से एक: UAPA

- यह अधिनियिम सरकार को कसिी भी 'गैर-कानूनी संगठन' को 'आतंकवादी संगठन' के रूप में घोषति करने और उसे प्रतबिंधति करने का अधकिार देता है, लेकनि इसी अधनियिम की धारा-36 के तहत यह प्रतबिंध न्यायकि समीक्षा के अधीन है।
- अधनियिम की धारा-43A और धारा-43B के तहत पुलसि को बनि वारंट के गैर-कानूनी गतविधियों में शामलि कसिी भी व्यक्ति की खोज करने और उसे गरिफ्तार करने का अधकिार है। साथ ही अधनियिम की धारा-43D के तहत पुलसि के पास आरोपयिों को बनि चार्जशीट दाखलि कयि 30 दनिों के लयि पुलसि हरिसत में रखने का अधकिार है।
- UAPA के तहत अभयिुक्त के पास अग्रमि जमानत का वकिल्प भी नहीं होता है। यही कारण है कि UAPA को भारत के सबसे कठोरतम कानूनों में से एक माना जाता है।

## अधनियिम की आलोचना

- सर्वप्रथम तो यह कि गैर-कानूनी गतविधियाँ (रोकथाम) अधनियिम (UAPA) में आतंकवाद की परभिाषा काफी अनशि्चति और व्यापक है, क्योंकि इसमें लगभग हर तरह के हसिक कृत्य को शामलि कयि गया है, चाहे वह राजनीतकि हो अथवा या गैर राजनीतकि।
  - अधनियिम में शामलि परभिाषा के अस्पष्ट, अनशि्चति और व्यापक होने के कारण इस अधनियिम के दुरुपयोग की संभावना काफी बढ़ जाती है।
  - उदाहरण के लयि UAPA की धारा 2(o) के तहत भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर प्रश्न उठाना एक गैर-कानूनी गतविधि है। मगर यहाँ यह स्पष्ट नहीं कयि गया है कि प्रश्न पूछना कसि प्रकार गैर-कानूनी गतविधि हो सकती है और कसि प्रकार के प्रश्न को गैर-कानूनी गतविधि में शामलि कयि जाएगा।
  - इसी प्रकार अधनियिम में भारत के वरिुद्ध असंतोष की स्थति पैदा करना भी एक गैर-कानूनी गतविधि मानी गई है, कतिु अधनियिम में कहीं भी ‘असंतोष’ को परभिाषति नहीं कयि गया है, जसिके कारण इस अधनियिम के दुरुपयोग की संभावना काफी अधकि है।
- ऐसा माना जाता है कि प्रायः इस अधनियिम का उपयोग राजनीतकि दलों द्वारा असंतोष को लेकर उठाई जाने वाली आवाज़ को दबाने के लयि जान-बूझकर कयि जाता है।
- बीते माह राज्यसभा में प्रस्तुत कयि गए आँकड़ों से पता चला कि वर्ष 2017, 2018 और 2019 में UAPA के तहत कुल 3,005 मामले पंजीकृत कयि गए थे, जसिके तहत कुल 3,974 लोगों को गरिफ्तार कयि गया था। हालाँकि इन मामलों में से केवल 821 यानी केवल 27 प्रतशित मामलों में ही चार्जशटि दाखलि की गई थी।

## भीमा कोरेगाँव ववािद

- महाराष्ट्र के पुणे में स्थति भीमा कोरेगाँव एक छोटा सा गाँव है, जसिका महाराष्ट्र और मराठा इतहिास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। दरअसल तकरीबन 200 वर्ष पूर्व 1 जनवरी, 1818 को ब्रटिशि ईस्ट इंडयिा के 500 सैनकिों की एक छोटी कंपनी, जसिमें ज़्यादातर सैनकि महार समुदाय से थे, ने पेशवा शासक बाजीराव द्वतिीय की 28,000 सैनकिों वाली सेना को तकरीबन 12 घंटे तक चले युद्ध में पराजति कयि था।
- इस युद्ध में जनि महार सैनकिों ने लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की, उनके सम्मान में वर्ष 1822 में भीमा नदी के कनिारे काले पत्थरों से एक वजिय स्तंभ का नरि्माण कयि गया।
- भीमा कोरेगाँव युद्ध का भारत के दलति इतहिास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसीलयि भीमा कोरेगाँव के युद्ध को राष्ट्रवाद बनाम साम्राज्यवाद के संकीर्ण दृष्टकिोण से न देखते हुए प्रत्येक वर्ष तमाम अंबेडकरवादी 1 जनवरी को महार सैनकिों के प्रतसिम्मान प्रकट करने के लयि वजिय स्तंभ पर एकत्रति होते हैं।
- वर्ष 2018 को भीमा कोरेगाँव युद्ध की 200वीं वर्षगाँठ पर जब कई बुद्धजिीवी और अंबेडकरवादी एकत्रति हुए तो वहाँ दो पक्षों के बीच हसिक झड़प हुई, जसिमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की जाँच करते हुए कई लोगों को इस हसिा की साजशि रचने के आरोप में गरिफ्तार कयि गया है।

## आगे की राह

- आतंकवाद और गैर-कानूनी गतविधियाँ नसिंदेश भारत की एकता और अखंडता के लयि गंभीर खतरा हैं और कसिी भी कीमत पर इनसे नपिटने के आवश्यकता है। हालाँकि गैर-कानूनी गतविधियाँ (रोकथाम) अधनियिम की अस्पष्टता और व्यापकता के कारण इसके दुरुपयोग की संभावना काफी बढ़ जाती है।
- अधनियिम के दुरुपयोग को रोकने और ऐसे मामलों की जाँच करने में न्यायपालकिा की काफी महत्त्वपूर्ण भूमकिा हो सकती है। कानून के तहत पुलसि और प्रशासन को प्रदान की गई शक्तयिों की न्यायकि समीक्षा के माध्यम से जाँच की जा सकती है, जसिसे अधनियिम के दुरुपयोग को रोका जा सकेगा।

## स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/opposition-parties-call-for-repeal-of-uapa